HINDI

Mr. Marshall D. Orson, बोर्ड अध्यक्ष
Mrs. Vickie B. Turner, उपाध्यक्ष
Mr. Stan O. Jester
Dr. Michael A. Erwin
Mrs. Allyson Gevertz
Mr. Diijon DaCosta
Dr. Joyce Morley

Mrs. Cheryl Watson-Harris, अधीक्षक

प्रिय DeKalb County School District Families:

मुझे उम्मीद है कि आपको 14 दिसंबर, 2020 को Family Town Hall मीटिंग को देखने का मौका मिला है जहाँ डिस्ट्रिक्ट ने स्कूलों को फिर से खोलने की DeKalb की योजना से नई जानकारी प्रदान की थी। फ़ीडबैक शेयर करने लिए आपका धन्यवाद जिसमें सवाल, समस्याएं, सुझाव, और टिप्पणियाँ शामिल थीं। District ने डिसिज़न ट्री को अपडेट करने और सुरक्षित ढंग से वापसी करने की तैयारी करने के लिए प्रिंसिपल्स, स्टाफ, और माता-पिता के फ़ीडबैक के साथ-साथ Medical Advisory Group के सदस्यों और स्वास्थ्य संगठनों से प्राप्त मार्गदर्शन पर विचार किया है। स्कूल डिस्ट्रिक्ट Centers for Disease Control and Prevention की पाँच प्रमुख राहत रणनीतियों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित करेगा: सही तरीके से मास्क पहनना, सामाजिक दूरी रखना, हाथ धोना, सफ़ाई और कीटाणुशोधन, तथा DeKalb Board of Health के साथ भागीदारी में कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग करना। CDC की पाँच प्रमुख राहत रणनीतियाँ और अन्य रणनीतियाँ स्कूलों में COVID-19 फैलने के जोखिम को कम करेंगी। कृपया इस बात से अवगत रहें कि हमारे स्टाफ और छात्रों का स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता हैं।

डिस्ट्रिक्ट की लीडरशिप टीम ने स्थानीय स्कूली प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल्स में नियमित रूप से सुधार करने, चिंता के क्षेत्रों को पहचानने, तथा स्कूलों को फिर से खोलने और सुरक्षित कार्य तथा शिक्षा परिवेश को कायम रखने के लिए उन्नतिशील रणनीतियाँ और विचार साझा करने के लिए प्रिंसिपल्स के साथ मुलाकात की है। नियमित बैठकों के अलावा, हमने प्रिंसिपल्स के साथ सहयोग, वॉक-थ्रू का संचालन, स्कूल फिर से खोलने की चेकलिस्ट का विकास किया है, और यह सुनिश्चित करने के लिए हितधारकों के लिए टाउन हॉल्स को सहज बनाया है कि हम जनवरी 2021 में स्टाफ और छात्रों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। साथ ही, Division of Human Resources सवालों के जवाब देकर, जानकारी प्रदान करके, और उपलब्ध संसाधनों को साझा करके शिक्षकों और स्टाफ की सहायता करना जारी रखेगी। वापसी की तारीख़ें साझा की गई हैं; अब, हमारी कई महीनों की योजना पर अमल करने का समय है।

हालांकि COVID-19 मामलों की संख्या बढ़ रही है, COVID-19 Task Force, CDC, and DeKalb County Board of Health से प्राप्त मार्गदर्शन के साथ, DCSD की लीडरशिप इससे सहमत है कि हमें सतर्क रहना होगा और ट्रांसमिशन को कम करने के लिए राहत रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करना होगा तथा जनवरी 2021 में स्कूलों को फिर से खोलने की तैयारी करनी होगी। डिस्ट्रिक्ट एक संयुक्त शिक्षा परिवेश में उच्च गुणवत्ता के साथ पढ़ाने को बढ़ावा देगा। संयुक्त शिक्षा परिवेश व्यक्तिगत रूप से स्कूल जाने या घर पर/दूरस्थ शिक्षा को जारी रखने के छात्रों के परिवारों की पसंद के मुताबिक छात्रों की सहायता करेगा। हम स्वीकार करते हैं कि वर्चुअल शिक्षा कुछ लोगों के लिए सफल जबकि कुछ अन्य लोगों के लिए चुनौतीपूर्ण रही है; इसलिए, हम इस बात पर ज़ोर देना चाहते हैं कि परिवार उस विकल्प को चुन सकते हैं जो उनके परिवार के लिए सबसे कारगर है।

Robert R. Freeman प्रशासनिक परिसर
1701 Mountain Industrial Blvd. | Stone Mountain, GA 30083
678.676.1200 | www.dekalbschoolsga.org

जैसा कि आप जानते हैं, DCSD ने स्कूलों को फिर से खोलने के लिए एक चरणबद्ध तरीका विकसित किया है। कृपया इन प्रमुख तारीख़ों और विस्तारित कैलेंडर की समीक्षा करें:

तारीख़ें	**कार्यवाही**
4 जनवरी, 2021	**चरण I की शुरुआत:** 10, 11, और 12-महीने में स्टाफ की काम पर वापसी
4 और 5 जनवरी, 2021	**अतुल्यकालिक शिक्षा** (येअतुल्यकालिक शिक्षा के दिन हैं, इसलिए छात्र वर्चुअल तरीके से सीखेंगे और खुद अपने असाइनमेंट्स पूरे करेंगे।)
13 जनवरी, 2021	पहले सिमेस्टर की समाप्ति
14 जनवरी, 2021	शिक्षक/स्टाफ का कार्यदिवस (छात्र नहीं आएंगे)
15 जनवरी, 2021	Professional Development Institute को होस्ट करें (स्कूल बंद रहेंगे)
19 जनवरी, 2021	**चरण II की शुरुआत (चुनिंदा ग्रेड स्तर):** प्री-K - 2 ग्रेड, 6 ग्रेड, और 9वें ग्रेड के लिए हाइब्रिड शिक्षा परिवेश (यदि परिवार द्वारा चुनाव किया गया है) जिन छात्रों ने हाइब्रिड शिक्षा का चुनाव किया है, वे दो दिन व्यक्तिगत रूप से पढ़ने की शुरुआत करेंगे।
15 जनवरी, 2021	**चरण III की शुरुआत (चुनिंदा ग्रेड स्तर):** 3-5 ग्रेड, 7-8 ग्रेड, और 10-12 ग्रेड के लिए हाइब्रिड शिक्षा परिवेश (यदि परिवार द्वारा चुनाव किया गया है) जिन छात्रों ने हाइब्रिड शिक्षा का चुनाव किया है, वे दो दिन व्यक्तिगत रूप से पढ़ने की शुरुआत करेंगे।
8 फरवरी, 2021	सभी ग्रेड स्तरों में जिन छात्रों ने हाइब्रिड शिक्षा का चुनाव किया है, वे चार दिन व्यक्तिगत रूप से पढ़ने की शुरुआत करेंगे।

विस्तारित कैलेंडर को ऐक्सेस करने के लिए **लिंक**चुनें।

सामाजिक/शारीरिक दूरी की आवश्यकताओं और सुरक्षा मार्गदर्शन का पालन करने के लिए कुलनाम के आधार पर कक्षाओं को दो समूहों में व्यवस्थित करने के लिए आपका स्कूल Intent to Return to School डेटा का उपयोग कर रहा है। यदि आपने अपने बच्चे के लिए व्यक्तिगत रूप से पढ़ने के लिए फिर से स्कूल जाने का चुनाव किया है तो आपका स्कूल आपके बच्चे की सामूहिक असाइनमेंट प्रदान करेगा। यदि आपने Intent to Return फ़ॉर्म नहीं भरा था, तो आपके बच्चे को व्यक्तिगत रूप से पढ़ने वाले बच्चे के तौर पर प्रोग्राम में शामिल किया जा रहा है। हालांकि, यदि आप अपनी पसंद बदलना चाहते हैं तो 8 जनवरी, 2021 तक माता-पिता स्थानीय स्कूल से संपर्क कर सकते हैं। भाई-बहनों के शेड्यूल को अलाइन करने के लिए स्कूल प्रमुख परिवारों के साथ सहयोग करेंगे। हाइब्रिड शिक्षा मॉडल में, बुधवार का दिन छोटे सामूहिक निर्देशों, पढ़ाई, स्टूडेंट कॉन्फ्रेंसिंग, पेरेंट कॉन्फ्रेंसिंग, सेवाओं, पेशेवर शिक्षा, और निर्देशात्मक योजना बनाने के लिए निर्धारित किया जाएगा।

साथ मिलकर, हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि पूरे डिस्ट्रिक्ट में हर कक्षा में हमारी विज़न और मिशन रोज़ाना वास्तविक रहते हैं। हम अपने शिक्षार्थियों के समुदाय को शैक्षिक उत्कृष्टता हासिल करने की प्रेरणा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिसके परिणामस्वरूप उच्च शिक्षा, कार्य, और आजीवन शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। आपके निरंतर समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया वेबसाइट, प्रेस विज्ञप्ति, और सोशल मीडिया देखें।

भवदीया,

Mrs. Cheryl Watson-Harris, अधीक्षक